<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–09 सितम्बर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अम्बेडकरनगर को दी, एक हजार 231 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं की सौगात : कहा– विकास की प्रक्रिया से ही हमारा वर्तमान और भविष्य होगा सुरक्षित।
- लखनऊ में तीन मंजिला इमारत ढहने के मामले में भवन मालिक पर मुकदमा दर्ज, भवन गिरने के कारणों की जांच को लेकर तीन सदस्यीय कमेटी गठित। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल पीड़ितों से की मुलाकात, हर संभव मदद का दिया आश्वासन।
- आज से आगरा में दो दिवसीय चिंतन शिविर का होगा शुभारंभ, राज्य स्तर पर प्रमुख सामाजिक न्याय योजनाओं की प्रगति और उनके कार्यान्वयन की होगी समीक्षा।
- रंग ला रही है महिला स्वयं सहायता समूहों को स्वावलंबी बनाने की मुहिम, हरदोई में 19 हजार से अधिक समूहों का हुआ गठन।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अम्बेडकरनगर में एक हजार 231 करोड़ रूपये की छह हजार सात सौ अठ्हत्त्र विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके साथ ही उन्होंने युवक मंगल दल और महिला मंगल दल के सदस्यों को स्पोर्टस किट का वितरण भी किया। इस अवसर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास की प्रक्रिया से ही हमारा वर्तमान और भविष्य सुरक्षित होगा। उन्होंने प्रत्येक भारतीय नागरिक से विकसित भारत के निर्माण के लिए अपने दायित्वों का निर्वाह करने का आग्रह किया।

***विकास की प्रक्रिया से ही हमारा वर्तमान और भविष्य सुरक्षित रहने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में यही संकल्प पूरे भारतवासियों को दिलाया है। संकल्प यही दिलाया कि देश हम आज जब अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे किये हैं, तब मोदी जी ने यही बात कही थी कि हर भारतीय नागरिक का दायित्व बनता है हम 25 वर्ष की एक व्यापक कार्ययोजना को लेकर के आगे बढ़े। ये 25 वर्ष की कार्ययोजना वो होनी चाहिए हमारी जिस कार्ययोजना के अंतर्गत 2047 में जब ये देश अपनी आजादी के 100 वर्ष पूरा करेगा तब हमें एक ऐसा भारत चाहिए, एक ऐसा भारत हो जो विकसित भारत हो।***

मुख्यमंत्री ने बसपा–सपा और कांग्रेस पार्टी पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब सभी त्योहार बिना किसी विवाद के साम्प्रदायिक सौहार्द के माहौल में मनाये जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अब बिना किसी भेदभाव के विकास की योजनाओं का लाभ सभी वर्ग के लोगों को मिल रहा है। श्री योगी ने कहा कि आज प्रदेश में सुरक्षा का वातावरण है और गांव–गांव तक विकास परियोजनाएं पहुंच रही हैं।

**********

लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में तीन मंजिला इमारत ढहने के मामले में पुलिस ने भवन के मालिक के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर लिया है। साथ ही घटना के कारणों की जांच को लेकर प्रदेश सरकार ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। बीते शनिवार की शाम को हुए इस हादसे में अब तक आठ लोगों की मौत हो गई है। वहीं इस हादसे में घायल हुए 28 लोगों का अलग–अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लोकबंधु अस्पताल पहुंच कर यहां भर्ती घायलों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों से भी बात की और घायलों का बेहतर इलाज करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीड़ितों के साथ सरकार खड़ी है। हर संभव मदद की जाएगी। समुचित उपचार शीर्ष प्राथमिकता पर किया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भी कल इमारत ढहने से मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के निकट परिजन को दो–दो लाख रूपये देने की घोषणा की है। घायलों को 50–50 हजार रूपये दिए जाएंगे। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

**********

हज यात्रा–2025 के लिये आवेदन करने की अंतिम तिथि आज समाप्त हो रही है। हज यात्रा पर जाने के इच्छुक लोग हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर जाकर या मोबाइल एप 'हज सुविधा' के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट की वैधता 15 जनवरी 2026 तक होना अनिवार्य है। राज्य हज कमेटी ने लखनऊ के सरोजनी नगर स्थित हज हाउस में आवेदकों की मदद के लिए एक हेल्प डेस्क भी स्थापित किया है।

**********

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन इस महीने की 15 तारीख तक किए जा सकेंगे। महिला और बाल विकास मंत्रालय प्रत्येक वर्ष जनवरी में इस पुरस्कार का आयोजन करता है। विजेताओं की घोषणा इस वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पर की

जाएगी। इस पुरस्कार का उद्देश्य बच्चों की ऊर्जा, संकल्प, क्षमता और उत्साह को सम्मानित करना है। पुरस्कार के लिए 5 वर्ष से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चे पात्र हैं। नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकता है।

**********

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा कल लखनऊ के 24 केंद्रों पर स्टॉफ नर्स आयुर्वेद और यूनानी के पदों की प्रारंभिक भर्ती परीक्षा 2023 का आयोजन किया गया। दो पालियों में आयोजित परीक्षा के लिए कुल 11 हजार चार सौ छियानबे लोगों ने अपना पंजीकरण कराया था।

**********

भारत सरकार का सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय आज से आगरा में "चिंतन शिविर" शीर्षक से दो दिवसीय राष्ट्रीय समीक्षा सम्मेलन आयोजित करेगा। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सामाजिक न्याय और समाज कल्याण विभागों के मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और अन्य प्रमुख हितधारक देश भर में हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं और नीतियों के कार्यान्वयन पर चर्चा करने के लिए एक साथ आएंगे। चिंतन शिविर की अध्यक्षता केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार करेंगे, साथ ही केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा और रामदास अठावले तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इसमें शामिल होंगे। सम्मेलन का प्राथमिक उद्देश्य राज्य स्तर पर प्रमुख सामाजिक न्याय योजनाओं की प्रगति और उनके कार्यान्वयन की समीक्षा करना है।

**********

हरदोई में ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गठित महिला स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने पर जोर दिया जा रहा है। जिले में 19 हजार से अधिक समूहों का गठन किया जा चुका है। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के प्रयासों से स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट.... (बाइट 14)

***जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह द्वारा उपायुक्त ग्रामीण आजीविका मिशन व अन्य सम्बंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि समूहों द्वारा की जाने वाली रोजगार परक आर्थिक क्रियाकलापों का सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार.प्रसार किया जाये ताकि आमजन इन समूहोंसे सीधे जुड़ सके तथा समूहों को आर्थिक लाभ हो व आमजन को अच्छी गुणवत्ता का सामान प्राप्त हो सके। उन्होंने इसके लिए एक सोशल मीडिया एकाउन्ट बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इन महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित उत्पादोंकी विभिन्न त्योहारों, पर्यटन स्थलों व प्रदर्शनियों में बिक्री की व्यवस्था की जाये। समूहों की दीदियों को रोस्टर के अनुसार उत्पाद बिक्री के लिये स्थान उपलब्ध कराया जाये ताकि समूहों की उत्पाद बिक्री में वृद्धि हो और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की आय बढ़े। आय में वृद्धि से उन्हें लखपति दीदी बनाने में सहायता मिलेगी। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि बैंको के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करसमूहों की पूरी सहायता की जाये। खाता खुलवाने से लेकर ऋण दिलाने तक पूरा सहयोग किया जाये। आकाश शुक्ला आकाशवाणी समाचार हरदोई।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की एक सौ चौदहवीं कड़ी का प्रसारण 29 सितंबर को सुबह 11 बजे होगा। कार्यक्रम में आम जन की सहभागिता को बढ़ाने के लिए टोल फ्री नम्बर एक आठ शून्य शून्य एक एक सात आठ शून्य शून्य पर अपने सुझाव भेजे जा सकते हैं। इसके अलावा लोग एक नौ दो दो पर मिस्ड कॉल भी दे सकते हैं और एस एम एस पर आये लिंक के जरिये सीधे अपने सुझाव भेज सकते हैं। इसके साथ ही नरेंद्र मोदी ऐप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन अपने सुझाव साझा कर सकते हैं। इस कडी के लिए सुझाव 27 सितंबर तक भेजे जा सकते हैं।

**********